Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UKPSC

## Previous Year Paper

### Assistant Professor

### 2017 Economics

Teachingninja.in

## ECONOMICS

**1.** The foreign trade multiplier ($K_f$) is equal to :

(a) $K_f = \frac{\Delta X}{\Delta Y}$  (b) $K_f = \frac{\Delta X}{\Delta M}$  (c) $K_f = \frac{\Delta S}{\Delta M}$  (d) $K_f = \frac{\Delta Y}{\Delta X}$

**2.** If the values of MPS = 0.3 and MPM = 0.2 then an increase in exports by ▪ 1,000 crores, the raised national income through foreign trade multiplier will be :

(a) ▪ 2,000 crores  (b) ▪ 3,000 crores  (c) ▪ 4,000 crores  (d) ▪ 5,000 crores

**3.** The production and consumption loss due to imposition of tariff is jointly called

(a) dead-weight loss  (b) revenue loss
(c) balance of payments deficit  (d) terms of trade loss

**4.** A tariff that maximises the difference between the terms of trade gain and the dead weight loss is called

(a) Retaliatory tariff  (b) Optimum tariff
(c) Countervailing tariff  (d) Double-column tariff

**5.** Which one of the following is not a non-tariff barrier ?

(a) Voluntary export restraint  (b) Quota
(c) Advalorem tariff  (d) Technical barriers

**6.** The EEC countries decided to limit the fluctuation in their currencies relative to each other to a smaller band in 1973 is called

(a) Clean float  (b) The snake in the tunnel
(c) Dirty float  (d) Adjustable peg system

**7.** The Absorption Approach is developed by

(a) Sidney Alexander  (b) Alfred Marshall
(c) A. Lerner  (d) Jacob Viner

**8.** What is the period of new foreign trade policy of India ?

(a) 2012-2017  (b) 2013-2018  (c) 2014-2019  (d) 2015-2020

**9.** When accounting balance is produced with the help of accommodating transactions then it is called

(a) Balance of Payment settlement  (b) Balance of Payment adjustment



Teachingninja.in

(c) Both (a) and (b) (d) None of the above

## अर्थशास्त्र

**1.** विदेश व्यापार गुणक ($K_f$) बराबर होता है :

(a) $K_f = \frac{\Delta X}{\Delta Y}$ (b) $K_f = \frac{\Delta X}{\Delta M}$ (c) $K_f = \frac{\Delta S}{\Delta M}$ (d) $K_f = \frac{\Delta Y}{\Delta X}$

**2.** यदि MPS = 0.3 और MPM = 0.2 है, तब निर्यातों में ` 1,000 करोड़ की वृद्धि राष्ट्रीय आय में विदेशी व्यापार गुणक के द्वारा वृद्धि करेगी :

(a) ` 2,000 करोड़ (b) ` 3,000 करोड़ (c) ` 4,000 करोड़ (d) ` 5,000 करोड़

**3.** तटकर के आरोपण से उत्पादन तथा उपभोग हानि को संयुक्त रूप से कहते हैं :

(a) अपूरित क्षति (b) राजस्व हानि (c) भुगतान संतुलन घाटा (d) व्यापार शर्त हानि

**4.** तटकर जो व्यापार शर्त सुलाभ तथा मृत भार (dead weight) हानि के बीच अंतर को अधिकतम करता है, कहलाता है,

(a) प्रतिकारी तटकर (b) अनुकूलतम तटकर

(c) समजवाबी (Countervailing) तटकर (d) द्वि–कॉलम तटकर

**5.** निम्नलिखित में से कौन एक गैर–तटकर बाधा नहीं है ?

(a) ऐच्छिक निर्यात प्रतिबन्ध (b) कोटा

(c) मूल्यानुसार तटकर (d) तकनीकी बाधाएँ

**6.** ई.ई.सी. (EEC) देशों द्वारा 1973 में अपनी करेंसियों की एक दूसरे के सापेक्ष विनियम दर को एक तंग पट्टी में सीमित रखने के निर्णय को कहते हैं :

(a) स्वच्छ (clean) तिरना (b) सुरंग में सांप (स्नेक इन द टनल)

(c) गंदला (dirty) तिरना (d) समायोजित कीलन (peg) प्रणाली

**7.** अवशोषण दृष्टिकोण _______ के द्वारा विकसित किया गया है ।

(a) सिडनी एलेक्जेण्डर (b) अल्फ्रेड मार्शल

(c) ए. लर्नर (d) जैकब वाइनर

**8.** भारत की नई विदेश व्यापार नीति की अवधि क्या है ?

(a) 2012 – 2017 (b) 2013 – 2018 (c) 2014 – 2019 (d) 2015 – 2020

**9.** जब लेखांकन शेष समयोजनीय लेनदेनों की सहायता से संतुलित किया जाता है, तब यह कहलाता है :

(a) भुगतान संतुलन परिशोधन (b) भुगतान संतुलन समायोजन



Teachingninja.in

(c) दोनों (a) और (b) (d) उपर्युक्त कोई नहीं

10. A curve that goes through all the tangency points of an x and y isoquants in a Edgeworth-Box is called
(a) Indifference curve (b) Trade indifference curve
(c) Offer curve (d) Contract curve

11. The optimum tariff rate for a tariff imposing country can be found by using the following formula
(a) $t = \frac{e-1}{e}$ (b) $t = \frac{e}{e-1}$ (c) $t = \frac{1}{e}$ (d) $t = \frac{1}{e-1}$

12. According to monetary approach of Balance of Payments, the demand for money is a stable function of
(a) income, prices and rate of interest
(b) income and prices
(c) prices and rate of interest
(d) income, prices and foreign exchange reserves

13. Which one the following terms of trade is considered by J.S. Mill in his trade theory ?
(a) Gross barter terms of trade (b) Net barter terms of trade
(c) Income terms of trade (d) Utility terms of trade

14. The factor-intensity reversal takes place in case of Hecksher – Ohlin theorem when two isoquants would
(a) cut each other only once (b) cut each other more than once
(c) not cut each other (d) All of the above

15. Which one of the following BRICS Summit theme was 'Building Responsive, Inclusive and Collective Solution' ?
(a) $6^{th}$ Summit (b) $7^{th}$ Summit (c) $8^{th}$ Summit (d) $9^{th}$ Summit

16. Producers' surplus is equal to the difference between
(a) Price and Marginal cost curve (b) Price and Marginal utility curve
(c) Average cost and Marginal cost (d) Total cost and Marginal cost

17. A demand curve is considered as Rectangular Hyperbola when :
(a) $e > 1$ (b) $e = 1$ at all points (c) $e < 1$ (d) $e = 0$

18. When cost of production is zero, monopoly equilibrium will be established at a level where elasticity of demand curve is :
(a) Greater than one (b) Equal to one


Teachingninja.in

(c) Less than one (d) Infinity

**10.** एक वक्र जो एजवर्थ बॉक्स में $x$ and y सममात्रा वक्रों के सभी स्पर्श बिन्दुओं से होकर गुजरता है, कहलाता है :

(a) अनधिमान वक्र (b) व्यापार अनधिमान वक्र

(c) देय वक्र (d) संविदा वक्र

**11.** तटकर आरोपित करने वाले देश की अनुकूलतम तटकर दर निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग कर ज्ञात की जा सकती है :

(a) $t = \frac{e-1}{e}$ (b) $t = \frac{e}{e-1}$ (c) $t = \frac{1}{e}$ (d) $t = \frac{1}{e-1}$

**12.** भुगतान संतुलन के मौद्रिक दृष्टिकोण के अनुसार, मुद्रा की माँग का, एक स्थिर फलन है :

(a) आय, कीमतें और ब्याज दर (b) आय और कीमतें

(c) कीमतें और ब्याज दर (d) आय, कीमतें और विदेशी विनिमय भण्डार

**13.** निम्नलिखित में से कौन सी एक व्यापार शर्त जे.एस. मिल द्वारा अपने व्यापार सिद्धान्त में प्रयोग की गई है ?

(a) सकल वस्तु–विनिमय व्यापार शर्त (b) शुद्ध वस्तु–विनियम व्यापार शर्त

(c) आय व्यापार शर्त (d) उपयोगिता व्यापार शर्त

**14.** हेक्शर–ओहलिन प्रमेय के संबंध में साधन–गहनता प्रतिलोमता उत्पन्न होती है जब दो सममात्रा वक्र

(a) एक दूसरे को केवल एक बार काटें (b) एक दूसरे को एक से अधिक बार काटें

(c) एक दूसरे को न काटे (d) उपर्युक्त सभी

**15.** निम्नलिखित में से किस एक ब्रिक्स (BRICS) सम्मेलन का मूल विषय 'प्रतिसंवेदी, समावेशी और सामूहिक समाधान निर्माण' था ?

(a) छठा सम्मेलन (b) सातवाँ सम्मेलन (c) आठवाँ सम्मेलन (d) नवाँ सम्मेलन

**16.** उत्पादक का अतिरेक किसके बीच अंतर के बराबर होता है ?

(a) कीमत एवं सीमान्त लागत वक्र (b) कीमत एवं सीमान्त उपयोगिता वक्र

(c) औसत लागत एवं सीमान्त लागत (d) कुल लागत एवं सीमान्त लागत

**17.** एक माँग वक्र आयताकार अतिपरवलय तब होता है जब :

(a) $e > 1$ (b) $e = 1$ सभी बिन्दुओं पर

(c) $e < 1$ (d) $e = 0$

**18.** जब उत्पादन लागत शून्य हो, तो एकाधिकार में संतुलन उस स्तर पर होगा जहाँ माँग वक्र की लोच :

(a) एक से अधिक हो (b) एक के बराबर हो



Teachingninja.in

(c) एक से कम हो (d) अनन्त हो

**19.** The price of a commodity X in perfect competition is ▪ 25. What will be the marginal revenue of selling $200^{th}$ unit ?

(a) ▪ 25 (b) ▪ 5,000 (c) ▪ 80 (d) ▪ 225

**20.** If the total production in an economy for a product is produced by a few big firms, then this market is known as :

(a) Monopolistic Competition (b) Oligopoly

(c) Duopoly (d) Discriminating Monopoly

**21.** "Natural Monopoly" is the monopoly

(a) which is provided by nature.

(b) which needs large amount of capital.

(c) when there is only one producer.

(d) when average costs declines with increase in output.

**22.** In case of a Giffen good :

(a) Positive income effect is stronger than the negative substitution effect.

(b) Negative income effect is weaker than the positive substitution effect.

(c) Negative income effect is stronger than the positive substitution effect.

(d) Positive income effect is weaker than the negative substitution effect.

**23.** A Pareto optimal organisation is one in which

(a) Economic efficiency prevails.

(b) Any reorganisation keeps the utility of all individuals unchanged.

(c) Any reorganisation that augments the utility of an individual necessarily reduces utility of another.

(d) both (a) and (b).

**24.** The burden of a tax on the consumer will be greater than producer if

(a) Demand is more elastic (b) Demand is more inelastic

(c) Supply is more elastic (d) None of the above

**25.** When average cost is increasing, marginal cost is

(a) Equal to average cost (b) Less than average cost

(c) Greater than average cost (d) Uncertain

**26.** A firm should cease production in the short run if

(a) Price is less than average fixed cost (b) Price is less than average cost



Teachingninja.in

(c) Profits are negative (d) Price is less than average variable cost

**19.** पूर्ण प्रतियोगिता में X वस्तु की कीमत ` 25 है । 200वीं इकाई की बिक्री से सीमान्त आगम क्या होगा ?

(a) ` 25 (b) ` 5,000 (c) ` 80 (d) ` 225

**20.** यदि किसी अर्थव्यवस्था में किसी वस्तु का सम्पूर्ण उत्पादन कुछ बड़ी फर्मों द्वारा किया जाता है तो बाजार की यह स्थिति क्या कहलाती है ?

(a) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता (b) अल्पाधिकार

(c) द्वयाधिकार (d) विभेदात्मक एकाधिकार

**21.** "स्वाभाविक एकाधिकार" वह एकाधिकार है –

(a) जो प्रकृति प्रदत्त है । (b) जिसमें अधिक पूँजी की मात्रा की आवश्यकता हो ।

(c) जब केवल एक उत्पादनकर्ता हो । (d) जब उत्पादन बढ़ने के साथ औसत लागत घटती है ।

**22.** गिफिन वस्तु के सन्दर्भ में :

(a) धनात्मक आय प्रभाव ऋणात्मक स्थानापन्न प्रभाव की तुलना में प्रबल होता है ।

(b) ऋणात्मक आय प्रभाव कमजोर होता है अपेक्षाकृत धनात्मक स्थानापन्न प्रभाव के ।

(c) ऋणात्मक आय प्रभाव प्रबल होता है अपेक्षाकृत धनात्मक स्थानापन्न प्रभाव के ।

(d) धनात्मक आय प्रभाव कमजोर होता है अपेक्षाकृत ऋणात्मक स्थानापन्न प्रभाव के ।

**23.** परेटो अनुकूलतम संगठन वह है जिसमें

(a) आर्थिक कुशलता होती है ।

(b) किसी भी पुनर्गठन से सभी व्यक्तियों की उपयोगिता अपरिवर्तित रहती है ।

(c) किसी भी पुनर्गठन से किसी एक व्यक्ति की उपयोगिता में वृद्धि होती है तो किसी अन्य की उपयोगिता में कमी आ जाती है ।

(d) (a) और (b) दोनों

**24.** एक कर का भार उपभोक्ता पर उत्पादक से अधिक होगा, यदि

(a) माँग अधिक लोचदार है । (b) माँग अधिक बेलोचदार है ।

(c) पूर्ति अधिक लोचदार है । (d) उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**25.** जब औसत लागत में वृद्धि हो रही हो तो सीमान्त लागत :

(a) औसत लागत के बराबर है । (b) औसत लागत से कम है ।

(c) औसत लागत से अधिक है । (d) अनिश्चित है ।

**26.** एक फर्म को अल्पकाल में उत्पादन बंद कर देना चाहिए यदि :

(a) कीमत औसत स्थिर लागत से कम हो । (b) कीमत औसत लागत से कम हो ।



Teachingninja.in

(c) लाभ ऋणात्मक हो । (d) कीमत औसत परिवर्तनशील लागत से कम हो

**27.** Engel's curve illustrates the relationship between

(a) Consumption and Utility (b) Production and Productivity

(c) Income and Consumption (d) Income and Production

**28.** If total revenue rises when price falls, the demand curve is

(a) Elastic (b) Unitary elastic (c) Inelastic (d) None of the above

**29.** A movement along the supply curve can be caused by a change in

(a) Technology (b) Factor prices

(c) The price of the good (d) All of these

**30.** An indifference curve indicates

(a) No choice among goods (b) No need of any good

(c) Disinterested in acceptance of goods (d) One combination is preferred to another

**31.** According to W.W. Rostow, the stages of economic growth are :

(a) 5 (b) 4 (c) 3 (d) 2

**32.** Second Five Year Plan was based on the model developed by

(a) A.K. Sen (b) C.H. Hanumantha Rao

(c) P.C. Mahalnobis (d) K.N. Raj

**33.** Vicious circle of poverty should be broken for economic development. This fact has been emphasised by :

(a) Ragnar Nurkse (b) Lewis (c) Rosenstein (d) Singer

**34.** 'Wage Fund Theory' has been given by

(a) Adam Smith (b) Malthus (c) Ricardo (d) J.S. Mill

**35.** The credit of developing the concept of modern economic growth goes to

(a) Gunnar Myrdal (b) Adam Smith (c) Simon Kuznets (d) Todaro

**36.** Who is the founder of Human Development Index ?

(a) Dr. ManMohan Singh (b) Mahboob-ul-Haq

(c) Adam Smith (d) Rajeev Gandhi

**37.** Disguised unemployment exists mainly in

(a) Underdeveloped countries (b) Developed countries

(c) Socialist countries (d) None of these

**38.** Unbalanced Theory of Growth was propounded by



Teachingninja.in

(a) Singer (b) Hirschman (c) W.W. Rostow (d) Kindleberger

**27.** एंजल वक्र निम्न में से किसके बीच सम्बन्ध स्पष्ट करता है ?

(a) उपभोग एवं उपयोगिता (b) उत्पादन एवं उत्पादकता

(c) आय एवं उपभोग (d) आय एवं उत्पादन

**28.** यदि कीमत घटने पर कुल आगम बढ़ता है तो माँग वक्र कैसा होगा ?

(a) लोचदार (b) इकाई लोचदार (c) बेलोचदार (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**29.** पूर्ति वक्र में संचलन निम्न कारणों से होता है :

(a) प्रौद्योगिकी (b) साधन कीमतें (c) उस वस्तु की कीमत (d) उपरोक्त सभी

**30.** तटस्थता वक्र इंगित करता है

(a) वस्तुओं के बीच चुनाव का अभाव (b) किसी भी वस्तु की आवश्यकता नहीं

(c) वस्तुएँ स्वीकारने में रुचि का अभाव (d) एक संयोग के मुकाबले दूसरे

**31.** डब्ल्यू.डब्ल्यू. रोस्टोव के अनुसार आर्थिक वृद्धि की अवस्थाएँ हैं :

(a) 5 (b) 4 (c) 3 (d) 2

**32.** द्वितीय पंचवर्षीय योजना किसके द्वारा विकसित मॉडल पर आधारित थी ?

(a) ए.के. सेन (b) सी.एच. हनुमंतराव (c) पी.सी. महालनोबिस (d) के.एन. राज

**33.** "आर्थिक विकास हेतु गरीबी के दुष्चक्र को तोड़ना चाहिए", इस कथन को निम्न में से किसने बल दिया ?

(a) रेगनार नर्क्से (b) लेविस (c) रोजेंस्टीन (d) सिंगर

**34.** 'मजदूरी कोष सिद्धांत' किसके द्वारा दिया गया है ?

(a) एडम स्मिथ (b) माल्थस (c) रिकार्डो (d) जे.एस. मिल

**35.** आधुनिक आर्थिक विकास के विचार को विकसित करने का श्रेय निम्न में से किसको जाता है ?

(a) गुन्नार मिर्डल (b) एडम स्मिथ (c) साइमन कुज़नेट्स (d) टोडारो

**36.** 'मानव विकास सूचकांक' का जनक कौन है ?

(a) डॉ. मनमोहन सिंह (b) महबूब–उल–हक (c) एडम स्मिथ (d) राजीव गांधी

**37.** अदृश्य बेरोजगारी मुख्यतः कहाँ पायी जाती है ?

(a) अल्पविकसित राष्ट्रों में (b) विकसित राष्ट्रों में

(c) समाजवादी राष्ट्रो में (d) इनमें से कोई नहीं

**38.** विकास का असन्तुलित सिद्धान्त किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया ?

(a) सिंगर (b) हर्षमैन



Teachingninja.in

(c) डब्ल्यू.डब्ल्यू.रोस्टोव (d) किंडलबर्गर

39. Big Push Theory lays emphasis on
(a) Big Investment Sector (b) Agricultural sector
(c) Technical sector (d) None of these

40. The concept of 'Golden Age' is related to
(a) Harrod (b) Domar (c) Ricardo (d) Joan Robinson

41. Input – Output technique was invented by
(a) Lewis (b) Hicks (c) Todaro (d) Leontief

42. Solow's model of Economic Growth in India is
(a) Fully applicable (b) Not applicable
(c) Partially applicable (d) None of these

43. Kaldor's model of Economic Growth is not applicable in :
(a) Undeveloped countries (b) Developing countries
(c) Backward countries (d) Developed countries

44. "Rise of population is an obstacle to economic development." This statement was given by
(a) Malthus (b) Singer (c) Nurkse (d) Meiers

45. The idea of Economic planning in its present form, for the first time came in :
(a) 1920 (b) 1928 (c) 1934 (d) 1937

46. Which average is affected most by extreme observations ?
(a) Mode (b) Median (c) Arithmetic mean (d) Geometric mean

47. In which distribution mean and variance are equal ?
(a) Binomial (b) Normal (c) Poisson (d) None of these

48. When the population under investigation is perishable, we should use the
(a) Census method (b) Sample method
(c) Both Census and Sample (d) Neither Census nor Sample

49. The calculated value of Chi-Square is
(a) Always positive (b) Always negative
(c) Either positive or negative (d) None of the above

50. The Geometric Mean of two numbers 8 and 18 shall be



Teachingninja.in

(a) 8 (b) 11 (c) 12 (d) 14

**39.** बड़े धक्के का सिद्धान्त किस पर बल देता है ?

(a) बड़े निवेश क्षेत्र पर (b) कृषि क्षेत्र पर (c) तकनीकी क्षेत्र पर (d) इनमें से कोई नहीं

**40.** 'स्वर्णयुग' की अवधारणा किनसे सम्बन्धित है ?

(a) हैरोड (b) डोमर (c) रिकार्डो (d) जॉन राबिन्सन

**41.** आगत-निर्गत तकनीक की खोज किनके द्वारा की गई ?

(a) लेविस (b) हिक्स (c) टोडारो (d) लियोनटीफ

**42.** भारत में सोलो का आर्थिक वृद्धि मॉडल :

(a) पूर्णतः लागू होता है । (b) लागू नहीं होता है ।

(c) आंशिक रूप से लागू होता है । (d) इनमें से कोई नहीं

**43.** आर्थिक वृद्धि का काल्डर मॉडल कहाँ लागू नहीं होता ?

(a) अविकसित राष्ट्रों में (b) विकासशील राष्ट्रों में

(c) पिछड़े राष्ट्रों में (d) विकसित राष्ट्रों में

**44.** "जनसंख्या का बढ़ना आर्थिक विकास में अवरोध है" यह कथन किसका है ?

(a) माल्थस (b) सिंगर (c) नर्क्से (d) मेयर्स

**45.** आर्थिक नियोजन का विचार, इसके वर्तमान स्वरूप में, सर्वप्रथम आया :

(a) 1920 (b) 1928 (c) 1934 (d) 1937

**46.** कौन सा माध्य चरम मूल्यों से सर्वाधिक प्रभावित होता है ?

(a) बहुलक (b) मध्यक (c) समान्तर माध्य (d) गुणोत्तर माध्य

**47.** कौन से बंटन के माध्य और प्रसरण बराबर होते हैं ?

(a) द्विपद (b) प्रसामान्य (c) पॉयसन (d) इनमें से कोई नहीं

**48.** जब अध्ययन किए जाने वाला समग्र नाशवान हो तो हमें प्रयोग करना चाहिए

(a) संगणना रीति (b) प्रतिदर्श रीति

(c) दोनों संगणना एवं प्रतिदर्श (d) न तो संगणना, न ही प्रतिदर्श

**49.** काई-वर्ग का परिगणित मूल्य होता है :

(a) सदा धनात्मक (b) सदा ऋणात्मक

(c) कभी धनात्मक कभी ऋणात्मक (d) उपरोक्त में कोई नहीं

**50.** दो अंकों 8 और 18 का गुणोत्तर माध्य कितना होगा ?



Teachingninja.in

(a) 8 (b) 11 (c) 12 (d) 14

**51.** If the MPC is zero, the value of multiplier will be

(a) 0 (b) 2 (c) 1 (d) 4

**52.** The roots of quadratic equation $x^2 + 3x - 18 = 0$ are

(a) 6, 3 (b) –6, 3 (c) –6, –3 (d) 6, –3

**53.** The probability of getting at least two heads in a simultaneous throw of three coins is

(a) 1/4 (b) 1/2 (c) 1/8 (d) 1/3

**54.** In case of two variables there will be only one regression line if

(a) r = 0 (b) r = + 1 (c) r = – 1 (d) r = ± 1

**55.** Two events A and B are mutually exclusive : P(A) = 1/5 and P(B) = 1/3, then, probability that neither A nor B will occur would be

(a) 9/15 (b) 8/15 (c) 7/15 (d) 6/15

**56.** What kind of public revenue is fees ?

(a) Tax Revenue (b) Non Tax Revenue

(c) Both (a) and (b) (d) None of the above

**57.** Transfer of Tax burden from one person to second person is called

(a) Tax Impact (b) Tax Shifting (c) Tax Incidence (d) None of the above

**58.** The principle of Maximum Social Advantage is related to

(a) Public Expenditure (b) Public Revenue

(c) Both (a) and (b) (d) None of the above

**59.** Which one of the following is not a tool of fiscal policy ?

(a) Deficit financing (b) Public Debt policy

(c) Interest rate policy (d) Tax policy

**60.** Deficit financing leads to

(a) Price rise (b) Price fall (c) Price control (d) None of the above

**61.** Zero base budgeting was adopted in India in the year

(a) 1957-58 (b) 1967-68 (c) 1977-78 (d) 1987-88

**62.** Who propounded the concept of functional finance ?

(a) A.P. Lerner (b) Keynes (c) Musgrave (d) Smith

**63.** Indian Tax System is



Teachingninja.in

(a) Proportional (b) Progressive (c) Regressive (d) Degressive

**51.** यदि एम.पी.सी. शून्य हो तो गुणक का मूल्य होगा
(a) 0 (b) 2 (c) 1 (d) 4

**52.** एक द्विघातीय समीकरण $x^2 + 3x - 18 = 0$ के मूल हैं –
(a) 6, 3 (b) –6, 3 (c) –6, –3 (d) 6, –3

**53.** तीन सिक्कों को एक साथ फेंकने पर कम से कम दो शीर्ष आने की प्रायिकता है :
(a) $\frac{1}{4}$ (b) $\frac{1}{2}$ (c) $\frac{1}{8}$ (d) $\frac{1}{3}$

**54.** दो चरों की स्थिति में केवल एक ही प्रतीपगमन रेखा होगी जब –
(a) $r = 0$ (b) $r = +1$ (c) $r = -1$ (d) $r = \pm 1$

**55.** दो घटनाएँ A तथा B परस्पर अपवर्जी हैं : $P(A) = \frac{1}{5}$ तथा $P(B) = \frac{1}{3}$, तो, न तो A तथा न B के घटित होने की प्रायिकता होगी –
(a) $\frac{9}{15}$ (b) $\frac{8}{15}$ (c) $\frac{7}{15}$ (d) $\frac{6}{15}$

**56.** शुल्क किस प्रकार का लोक आगम है ?
(a) कर आय (b) गैर–कर आय (c) दोनों (a) और (b) (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**57.** एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति पर कर भार के हस्तांतरण को कहते हैं –
(a) कराघात (b) कर विवर्तन (c) करापात (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**58.** अधिकतम सामाजिक लाभ का सिद्धान्त सम्बन्धित है –
(a) लोक व्यय से (b) लोक आगम से (c) दोनों (a) और (b) से (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**59.** निम्न में से कौन सा राजकोषीय नीति का एक उपकरण नहीं है ?
(a) घाटे की वित्त व्यवस्था (b) सार्वजनिक ऋण नीति
(c) ब्याज दर नीति (d) कर नीति

**60.** घाटे की वित्त व्यवस्था बताती है –
(a) कीमत वृद्धि (b) कीमत गिरावट (c) कीमत नियंत्रण (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**61.** भारत में शून्य आधार बजट किस वर्ष में अपनाया गया ?
(a) 1957 – 1958 (b) 1967 – 1968 (c) 1977 – 1978 (d) 1987 – 1988

**62.** कार्यात्मक वित्त की धारणा किसने प्रतिपादित की ?
(a) ए.पी. लर्नर (b) केन्स (c) मसग्रेव (d) स्मिथ



Teachingninja.in

63. भारतीय कर प्रणाली है –
(a) आनुपातिक (b) प्रगतिशील (c) प्रतिगामी (d) अधोगामी

64. VAT system was first initiated in
(a) India (b) France (c) Germany (d) Italy

65. Which one of the following is not a regular source of public revenue ?
(a) Commercial revenue (b) Administrative revenue
(c) Taxation (d) Gifts and Grants

66. Who propounded the principle of minimum sacrifice ?
(a) J.K. Mehta (b) Edgeworth (c) Taylor (d) Dalton

67. Peacock – Weisman Hypothesis relates to
(a) increasing public expenditure (b) decreasing public expenditure
(c) constant public expenditure (d) All of the above

68. Which expenditure is not included in Income – Expenditure statement ?
(a) Expenditure on salaries
(b) Expenditure on grants
(c) Expenditure on public enterprises investment
(d) Expenditure on interest payment on borrowings

69. The Diffusion theory in Taxation was given by
(a) Adam Smith (b) Seligman
(c) Findlay Shirras (d) Mansfield and Canard

70. If per unit tax is imposed, then which curve will shift upward ?
(a) Average cost curve (b) Marginal cost curve
(c) Fixed cost curve (d) Both (a) and (b)

71. The Ratchet Effect is given by
(a) Milton Friedman (b) J.M. Keynes
(c) Robert Lucas (d) Duesenberry

72. Transmission Mechanism of Money Supply in Tobin's "Q" theory is through
(a) Rate of interest (b) Direct purchasing
(c) Share prices (d) Consumption effect

73. Chicago School of Economics believes that
(a) Money supply should be stabilised
(b) Fiscal policy is more important


Teachingninja.in

(c) Discriminatory monetary policy should be used

(d) Economy should be regulated by government

**64.** सर्वप्रथम वैट प्रणाली कहाँ प्रारंभ हुई ?

(a) भारत (b) फ्रांस (c) जर्मनी (d) इटली

**65.** निम्न में से कौन सा एक सार्वजनिक आगम का नियमित स्रोत नहीं है ?

(a) वाणिज्य आगम (b) प्राशासनिक आगम (c) करारोपण (d) उपहार और अनुदान

**66.** न्यूनतम त्याग का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(a) जे.के. मेहता (b) एजवर्थ (c) टेलर (d) डाल्टन

**67.** पीकॉक–वाइसमैन परिकल्पना किससे सम्बन्धित है ?

(a) बढ़ता लोक व्यय (b) घटता लोक व्यय (c) स्थिर लोक व्यय (d) उपरोक्त सभी

**68.** कौन सा व्यय आय–व्यय लेखे में शामिल नहीं किया जाता है ?

(a) वेतन पर व्यय (b) अनुदान पर व्यय

(c) लोक उघमों में निवेश पर व्यय (d) ऋणों पर ब्याज भुगतान का व्यय

**69.** करारोपण में प्रसारण सिद्धांत किसके द्वारा दिया गया है ?

(a) एडम स्मिथ (b) सेलिगमेन (c) फिंडले शिराज (d) मैन्सफील्ड तथा कनार्ड

**70.** यदि प्रति इकाई कर आरोपित करें तो कौन सा वक्र ऊपर की ओर स्थानान्तरित होगा ?

(a) औसत लागत वक्र (b) सीमान्त लागत वक्र

(c) स्थिर लागत वक्र (d) दोनों (a) तथा (b)

**71.** अनिवर्ती प्रभाव (Ratchet Effect) किसके द्वारा दिया गया है ?

(a) मिल्टन फ्रीडमेन (b) जे.एम. केन्स (c) राबर्ट लुकॉस (d) ड्यूज़नबरी

**72.** टोबिन के 'क्यू' ('Q') सिद्धान्त में मुद्रा पूर्ति की संचरण प्रक्रिया किसके द्वारा होती है ?

(a) ब्याज दर द्वारा (b) प्रत्यक्ष खरीदारी द्वारा (c) शेयर कीमतों द्वारा (d) उपभोग प्रभाव द्वारा

**73.** अर्थशास्त्र के शिकागो स्कूल का विश्वास है कि :

(a) मुद्रा पूर्ति में स्थायित्व होना चाहिए ।

(b) राजकोषीय नीति अधिक महत्त्वपूर्ण है ।



Teachingninja.in

(c) विभेदात्मक मौद्रिक नीति प्रयोग में लानी चाहिए ।

(d) सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था नियमन होना चाहिए ।

**74.** Under classical assumptions the aggregate supply curve of an economy is

(a) Upward sloping (b) Downward sloping

(c) Horizontal line (d) Vertical line

**75.** Okun's law shows the relationship between the following :

(a) Unemployment and Growth (b) Employment and Growth

(c) Tax rate and Tax revenue (d) Inflation and Employment

**76.** Milton Friedman gave emphasis in his quantity theory of money on

(a) Production and Income (b) Price level

(c) Supply of Money (d) Demand for Money

**77.** A Deflator is a technique of

(a) Adjusting for changes in commodities

(b) Accounting for increase in GNP

(c) Accounting for decrease in GNP

(d) Adjusting for changes in price level

**78.** Under Keynesian Liquidity Trap conditions an increase in money supply will

(a) Reduce the rate of interest

(b) Increase investment spending

(c) Have no effect on interest rate, investment and employment

(d) Increase the level of employment

**79.** High powered Money consists of

(a) currency in circulation and bankers' deposit with Central bank.

(b) Currency with public and demand deposits with banks.

(c) Fixed deposits minus demand deposits.

(d) Money created by Commercial banks.

**80.** Out the odd :

(a) Bank Rate (b) Cash Reserve Ratio

(c) Statutory Liquidity Ratio (d) Call Money Rate

**81.** Money is said to be neutral if

(a) it affects the real variables of the economy.

(b) it does not affect the real variables of the economy.



Teachingninja.in

(c) it affects only the production.
(d) it affects both production & employment.

**74.** क्लासिकी मान्यताओं के अनुसार एक अर्थव्यवस्था का कुल पूर्ति वक्र है :

(a) ऊपर की ओर ढाल लिए हुए (b) नीचे की ओर ढलवा
(c) क्षैतिज रेखा (d) लम्बवत रेखा

**75.** ओकन का नियम निम्नलिखित के बीच सम्बन्ध बताता है :

(a) बेरोजगारी एवं संवृद्धि (b) रोजगार एवं संवृद्धि
(c) कर की दर व कर राजस्व (d) मुद्रा प्रसार एवं रोजगार

**76.** मिल्टन फ्रीडमैन ने अपने मुद्रा परिमाण सिद्धांत में किस पर बल दिया ?

(a) उत्पादन तथा आय (b) कीमत स्तर
(c) मुद्रा की पूर्ति (d) मुद्रा की माँग

**77.** अवस्फीतिक एक तकनीक है जो :

(a) वस्तुओं में परिवर्तन को समायोजित करती है । (b) GNP में वृद्धि का लेखा–जोखा करती है ।
(c) GNP में कमी का लेखा–जोखा करती है । (d) कीमत स्तर के परिवर्तन का समायोजन करती है ।

**78.** केन्स के तरलता जाल की स्थिति में मुद्रा पूर्ति में वृद्धि होने से :

(a) ब्याज की दर घटेगी ।
(b) निवेश व्यय में वृद्धि होगी ।
(c) ब्याज दर, निवेश एवं रोजगार में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।
(d) रोजगार का स्तर बढ़ जाएगा ।

**79.** उच्च शक्ति मुद्रा में सम्मिलित हैं :

(a) प्रचलन में करेन्सी व केंन्द्रीय बैंक के पास बैंको की जमा
(b) जनता के पास करेन्सी तथा बैंको के पास माँग जमा
(c) स्थायी जमा में से घटाएँ माँग जमा
(d) वाणिज्य बैंको द्वारा मुद्रा का सृजन

**80.** असम्बन्धित को बाहर कीजिए :

(a) बैंक दर (b) नकद कोषानुपात
(c) वैधानिक तरलता अनुपात (d) त्वरित मुद्रा दर

**81.** मुद्रा को तटस्थ कहा जाता है यदि

(a) यह अर्थव्यवस्था के वास्तविक चरों को प्रभावित करें ।


Teachingninja.in

(b) यह अर्थव्यवस्था के वास्तविक चरों को प्रभावित न करें ।

(c) यह केवल उत्पादन को प्रभावित करें ।

(d) यह उत्पादन और रोज़गार दोनों को प्रभावित करें ।

**82.** The value of multiplier is always equal to one in case of :

(a) Money multiplier (b) Simple multiplier

(c) Super multiplier (d) Balanced Budget Multiplier

**83.** Which of the following is more effective in controlling cyclical fluctuations in an economy ?

(a) Monetary measures (b) Fiscal measures

(c) Direct controls (d) All the above to be taken together

**84.** Which one of the following does not cause a shift in aggregate demand ?

(a) Consumption (b) Imports (c) Prices (d) Investment

**85.** Which one of the following is <u>not</u> correct about Business cycles ?

(a) The fluctuations are wave like movements.

(b) The fluctuations are recurrent in nature.

(c) The upswings and downswings are cumulative in their effects.

(d) The upswings and downswings are seasonal in nature.

**86.** According to Rational Expectation Theory, government's anticipated policy will

(a) fool some of the people all of the time.

(b) fool all of the people some of the time.

(c) Never fool anybody.

(d) Fool all of the people all of the time.

**87.** The difference between the GNP and GDP is because of

(a) Gross Foreign Investment (b) Exports and Imports

(c) Net factor Income from abroad (d) Both (a) and (b)

**88.** The Chairperson of GST council is

(a) Prime Minister (b) Union Finance Minister

(c) Chairman of Finance Commission (d) None of these

**89.** What is the maximum rate of tax in GST (Goods and Services Tax) in India ?

(a) 22% (b) 24% (c) 26% (d) 28%

**90.** Which one of the following schemes has been abolished in the Union Budget 2017-18 ?

(a) Advance Authorization Scheme (b) Duty Free Import Authorization Scheme

(c) Special Economic Zone Scheme (d) Export Promotion Capital Goods Scheme



Teachingninja.in

**91.** The Government of India has fixed the inflation target of 4 percent for the period of

(a) 2014-2019 (b) 2015-2020 (c) 2016-2021 (d) 2017-2022

**82.** गुणक का मान हमेशा एक होता है निम्न में किस स्थिति में ?

(a) मौद्रिक गुणक (b) सरल गुणक (c) अधि गुणक (d) सन्तुलित बजट गुणक

**83.** एक अर्थव्यवस्था में चक्रीय उच्चावचनों को नियंत्रित करने में निम्न में से कौन ज्यादा प्रभावशाली है ?

(a) मौद्रिक उपाय (b) राजकोषीय उपाय

(c) प्रत्यक्ष नियंत्रण (d) उपरोक्त सभी को एक साथ लागू करना

**84.** निम्न में से कौन एक समग्र माँग को नहीं खिसकाता है ?

(a) उपभोग (b) आयात (c) कीमतें (d) निवेश

**85.** निम्न में से कौन एक व्यापार चक्रों के विषय में सही नहीं है ?

(a) इनके उच्चावचन लहरों जैसी चाल वाले होते हैं। (b) इनके उच्चावचन पुनरावर्ती स्वभाव के होते हैं।

(c) चढ़ाव तथा उतराव के प्रभाव संचयी होते हैं। (d) चढ़ाव तथा उतराव स्वभाव में मौसमी होते हैं।

**86.** विवेकशील प्रत्याशा सिद्धान्त के अनुसार सरकार की प्रत्याशित नीति होगी :

(a) कुछ लोगों को हमेशा मूर्ख बना सकती है।

(b) सब लोगों को कुछ समय के लिए मूर्ख बना सकती है।

(c) किसी को मूर्ख नहीं बना सकती।

(d) सभी लोगों को सभी समय के लिए मूर्ख बना सकती है।

**87.** GNP और GDP में अन्तर का कारण है :

(a) सकल विदेशी निवेश (b) निर्यात एवं आयात

(c) विदेश से शुद्ध साधन आय (d) दोनों (a) एवं (b)

**88.** जी.एस.टी. परिषद (कौन्सिल) का अध्यक्ष होता है –

(a) प्रधानमंत्री (b) केन्द्रीय वित्त मंत्री

(c) वित्त आयोग का अध्यक्ष (d) इनमें से कोई नहीं

**89.** भारत में जी.एस.टी. (वस्तुएँ तथा सेवाएँ कर) में अधिकतम कर की दर क्या है ?

(a) 22% (b) 24% (c) 26% (d) 28%

**90.** निम्नलिखित में से कौन सी योजना संघीय बजट–2017-18 में समाप्त कर दी गई ?

(a) अग्रिम अनुज्ञप्ति योजना (b) शुल्क मुक्त आयात अनुज्ञप्ति योजना

(c) विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र योजना (d) निर्यात प्रोत्साहन पूँजीगत वस्तु योजना



Teachingninja.in

**91.** भारत सरकार ने मुद्रा–स्फीति का लक्ष्य किस अवधि के लिए 4 प्रतिशत रखा है ?

(a) 2014-2019 (b) 2015-2020 (c) 2016-2021 (d) 2017-2022

**92.** The AMRUT Scheme was launched in India in June 2015 :

(a) To improve basic urban infrastructure

(b) For holistic development of heritage cities

(c) To make the country clean

(d) None of these

**93.** When was National Agriculture Policy announced in India ?

(a) July 2000 (b) August 2002 (c) July 2004 (d) April 2005

**94.** Total food grains in India excludes

(a) Rice (b) Pulses (c) Wheat (d) Soyabean

**95.** In India, Hindu Growth Rate is related to growth rate of

(a) Literacy (b) Population (c) Per Capita Income (d) GNP

**96.** Highest contribution to GDP in India is from

(a) Primary sector (b) Secondary sector

(c) Tertiary sector (d) None of the above

**97.** Rural / Urban population ratio in India as per Census 2011 is :

(a) 72.85 : 27.14 (b) 68.85 : 31.14 (c) 66.85 : 33.14 (d) None of the above

**98.** What is the decadal growth rate of population in India as per Census 2011 ?

(a) 17.72 (b) 21.72 (c) 18.72 (d) 20.72

**99.** The apex institution of finance for small industries is

(a) IDBI (b) ICICI (c) SIDBI (d) NABARD

**100.** Net factor Income from abroad in estimation of GNP in India has been

(a) always negative

(b) always positive



Teachingninja.in

(c) sometimes negative and sometimes positive

(d) Not known

Teachingninja.in



Teachingninja.in

**92.** भारत में अमृत (AMRUT) योजना जून 2015 में किस लिए शुरू की गई ?

(a) आधारभूत शहरी अध:रचना सुधार (b) धरोहर शहरों का समग्र विकास

(c) देश को स्वच्छ बनाना (d) उपर्युक्त कोई नहीं

**93.** भारत में राष्ट्रीय कृषि नीति की घोषणा कब की गई ?

(a) जुलाई 2000 (b) अगस्त 2002 (c) जुलाई 2004 (d) अप्रैल 2005

**94.** भारत के कुल खाद्यान्नों में यह सम्मिलित नहीं है :

(a) चावल (b) दालें (c) गेहूँ (d) सोयाबीन

**95.** भारत में हिन्दू वृद्धि दर जिस वृद्धि दर से सम्बन्धित है वह है :

(a) साक्षरता (b) जनसंख्या (c) प्रति व्यक्ति आय (d) सकल राष्ट्रीय उत्पाद

**96.** भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक योगदान निम्न में से किसका है ?

(a) प्राथमिक क्षेत्र (b) द्वितीयक क्षेत्र (c) तृतीयक क्षेत्र (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**97.** 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण–शहरी जनसंख्या अनुपात है –

(a) 72.85 : 27.14 (b) 68.85 : 31.14 (c) 66.85 : 33.14 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**98.** 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर क्या है ?

(a) 17.72 (b) 21.72 (c) 18.72 (d) 20.72

**99.** लघु उद्योगों के लिए वित्त की शीर्षस्थ संस्था है :

(a) IDBI (b) ICICI (c) SIDBI (d) NABARD

**100.** भारत की GNP के आकलन में विदेश से प्राप्त शुद्ध साधन आय रही है :

(a) हमेशा ऋणात्मक (b) हमेशा धनात्मक

(c) कभी ऋणात्मक कभी धनात्मक (d) पता नहीं



Teachingninja.in

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

Teachingninja.in



Teachingninja.in

**Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

Teachingninja.in



Teachingninja.in